# राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश
## लखनऊ–226027

संख्या जी–2159/जी0एस0
दिनांक : 31 मई, 2018

प्रेषक :–

उप सचिव, श्री राज्यपाल,
राज्यपाल सचिवालय,
उत्तर प्रदेश,
लखनऊ।

सेवा में,

डा0 सुनील गुप्ता,
प्रभारी निदेशक,
इलाहाबाद संग्रहालय,
इलाहाबाद–211002

विषयः इलाहाबाद संग्रहालय समिति की 'कार्यकारिणी समिति' की दिनांक 25.5.2018 को सम्पन्न बैठक का कार्य–वृत्त अनुमोदित एवं हस्ताक्षरित किये जाने के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्रांक : इ.सं/कार्यकारिणी/2018–19/19 दिनांक 27 अप्रैल, 2018 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

इस संबंध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि माननीय राज्यपाल/अध्यक्ष, इलाहाबाद संग्रहालय समिति द्वारा उक्त कार्य वृत्त को अनुमोदत करते हुए उसे हस्ताक्षरित कर दिया गया है।

तदनुसार हस्ताक्षरित कार्य–वृत्त मूल रुप में संलग्न कर अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

भवदीय,

( नवीन चन्द्र )
उप सचिव श्री राज्यपाल, उ0प्र0।

# इलाहाबाद संग्रहालय, इलाहाबाद

## इलाहाबाद संग्रहालय समिति की 'कार्यकारिणी समिति' की 25 मई, 2018 को पूर्वाह्न 11 बजे इलाहाबाद संग्रहालय, इलाहाबाद में आयोजित बैठक का कार्यवृत्त

उक्त बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री राम नाईक<br>माननीय श्री राज्यपाल, उ.प्र.,<br>राजभवन, लखनऊ–227132 | – | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो. डी.एन. त्रिपाठी<br>'लीला निलयम', 99–ए, इन्दिरा नगर<br>पो– शिवपुरी, गोरखपुर–273016। | – | सदस्य |
| 3. | श्री ए.के. सिंह,<br>निदेशक, संग्रहालय निदेशालय, बनारसी बाग,<br>लखनऊ, उत्तर प्रदेश | – | सदस्य |
| 4. | डॉ. सुनील गुप्ता<br>निदेशक प्रभारी, इलाहाबाद संग्रहालय,<br>इलाहाबाद। | – | सदस्य–सचिव |

सुश्री जूथिका पाटणकर, प्रमुख सचिव, माननीय श्री राज्यपाल, उ.प्र. एवं श्री कामेश शुक्ल, अपर विधिक सलाहकार श्री माननीय श्री राज्यपाल, उ.प्र. विशेष रूप से उपस्थित थे। वित्तीय सलाहकार, भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय, नई दिल्ली, संयुक्त सचिव, भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय, नई दिल्ली एवं डॉ. (सुश्री) विदुला जायसवाल, गणपति अपार्टमेंट, 809, नगवा, वाराणसी उपर्युक्त बैठक में अनुपस्थित थे।

संग्रहालय के निदेशक प्रभारी डॉ. सुनील गुप्ता ने बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ होने से पूर्व माननीय श्री राज्यपाल, उ.प्र. एवं अध्यक्ष, इलाहाबाद संग्रहालय समिति श्री राम नाईक जी एवं अन्य सदस्यों का अभिनन्दन एवं स्वागत किया। बैठक के प्रस्तावों पर कार्यवाही प्रारम्भ होने से पूर्व माननीय श्री राज्यपाल, उ.प्र. एवं अध्यक्ष, इलाहाबाद संग्रहालय समिति द्वारा निम्नलिखित सुझाव/निर्णय लिए गए:–

1. वित्तीय सलाहकार, भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय, नई दिल्ली एवं संयुक्त सचिव, भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय, नई दिल्ली बैठक में अनुपस्थित थें और न ही उनके प्रतिनिधि ही उपस्थित थे। कार्यकारिणी समिति ने अप्रसन्नता व्यक्त की तथा यह सुझाव दिया कि माननीय संस्कृति मंत्री महोदय को इस आशय का पत्र प्रेषित किया जाय, जिससे भविष्य में बैठक में भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहें।
2. कार्यकारिणी समिति ने बैठक के दौरान यह पाया कि कई जगह 'निदेशक' लिखा पाया, जिस पर कार्यकारिणी ने यह निर्देशित किया कि आगे से 'निदेशक प्रभारी' ही लिखा जाय।

उपरोक्त सुझाव/निर्णय के उपरान्त बैठक के प्रस्तावों पर कार्यवाही प्रारम्भ हुई एवं निम्नलिखित निर्णय लिए गए:–

**प्रस्ताव सं.1.** <u>दिनांक 28 अगस्त 2017 को सम्पन्न 'कार्यकारिणी समिति' की बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि करना।</u>

28 अगस्त 2017 को सम्पन्न 'कार्यकारिणी' की बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई।

**प्रस्ताव सं.2.** दिनांक 28 अगस्त 2017 को सम्पन्न 'कार्यकारिणी समिति' की बैठक पर की गई कार्यवाही की समीक्षा।

दिनांक 28 अगस्त 2017 को सम्पन्न 'कार्यकारिणी समिति' की बैठक में लिए गए निर्णयों के सन्दर्भ में इलाहाबाद संग्रहालय द्वारा की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई, तथा निम्नलिखित प्रस्तावों पर निर्णय लिया गया–

**प्रस्ताव सं.12.** इलाहाबाद संग्रहालय में सिक्यूरिटी ऑडिट के सम्बन्ध में परामर्श (कंसल्टेन्सी) सेवा हेतु सी.आई.एस.एफ. द्वारा प्रेषित संशोधित आंकलन के अनुमोदन हेतु प्रस्ताव।

उक्त क्रम में कार्यकारिणी समिति ने यह निर्णय लिया कि इलाहाबाद संग्रहालय को राष्ट्रीय संग्रहालय का दर्जा प्रदान किया गया है, अतः इसके सुरक्षा की जिम्मेदारी केन्द्र सरकार के किसी सक्षम एजेन्सी को ही सौंपी जाय। इस आशय का पत्र भारत सरकार को प्रेषित किया जाए।

**प्रस्ताव सं.14.** अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कोई अन्य प्रकरण।

1. श्री राजेश पुरोहित, निदेशक, इलाहाबाद संग्रहालय की नियुक्ति भारतीय संग्रहालय, कोलकता के निदेशक पद पर किए जाने की सूचना ग्रहण करना।

श्री राजेश पुरोहित, निदेशक, इलाहाबाद संग्रहालय की नियुक्ति भारतीय संग्रहालय, कोलकता के निदेशक पद पर 3 वर्षो हेतु की गई है तथा श्री पुरोहित दिनांक 30 अगस्त 2017 से प्रतिनियुक्ति (Deputation) पर हैं, तदुपरान्त उक्त तिथि से निदेशक, इलाहाबाद संग्रहालय का पदभार डॉ. सुनील गुप्ता द्वारा कार्यकारिणी के आदेशानुसार वहन किया जा रहा है। उक्त प्रकरण में यह निर्णय लिया गया कि माननीय संस्कृति मंत्री, भारत सरकार को रिक्त पद पर भर्ती की आवश्यकता सम्बन्धी आदि विषयों से अवगत कराया जाय।

5. पुस्तक 'इलाहाबाद प्रॉस्पेक्ट एण्ड रिट्रास्पेक्ट' के पुनः प्रकाशन एवं विमोचन का प्रस्ताव।

'इलाहाबाद प्रॉस्पेक्ट एण्ड रिट्रास्पेक्ट' के पुनः प्रकाशन के प्रकरण में समिति द्वारा एक 'कम्पेनियन वाल्यूम' की बात कही गई तथा निम्नलिखित बिन्दुओं पर टिप्पणी की गई, तदुपरान्त पुस्तक प्रकाशन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाए तथा कुम्भ–मेला–2019 तक पुस्तक को प्रकाशित कर लिया जायः–

1. पुस्तक की संशोधित संस्करण की प्रकाशन सामग्री को निर्धारित कर लिया जाए।
2. पुस्तक की डमी बनाकर कार्यकारिणी के सदस्यों को भी प्रेषित किया जाय ताकि पुस्तक पर उनके विचार भी सम्मिलित किए जा सकें। इस कार्य हेतु 1 जून 2018 तक पत्र प्रेषित कर दिए जाएं ताकि उनके विचार 30 जून 2018 तक संग्रहालय को प्राप्त हो जाएं।
3. आज के परिप्रेक्ष्य में पुस्तक की क्या उपयोगिता है तथा संशोधित संस्करण में आधुनिक इतिहासकारों के विचार भी शामिल किए जाएं।

उपरोक्त समीक्षा के उपरान्त 28 अगस्त 2017 को सम्पन्न 'कार्यकारिणी समिति' की बैठक के कार्यवृत्त पर की गई कार्रवाई की सूचना ग्रहण की गई।

**प्रस्ताव सं.3.** दिनांक 9 अप्रैल 2018 को सम्पन्न 'वित्त–समिति' के बैठक की कार्यवृत्त की सूचना ग्रहण करना।

दिनांक 9 अप्रैल 2018 को सम्पन्न 'वित्त–समिति' के बैठक की कार्यवृत्त की सूचना ग्रहण की गई।

**प्रस्ताव सं.4.** दिनांक 15 दिसम्बर 2017 को सम्पन्न 'बिल्डिंग वर्क्स कमेटी' के बैठक के कार्यवृत्त की सूचना ग्रहण करना।

दिनांक 15 दिसम्बर 2017 को सम्पन्न 'बिल्डिंग वर्क्स कमेटी' के बैठक के कार्यवृत्त की सूचना ग्रहण की गई।

**प्रस्ताव सं.5.** वर्ष 2017–18 के संशोधित बजट अनुमान (R.E.) की एवं उपभोग की गई बजट धनराशि की सूचना ग्रहण करना एवं वर्ष 2018–19 हेतु भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय द्वारा इलाहाबाद संग्रहालय हेतु आबंटित धनराशि की सूचना ग्रहण करना।

वर्ष–2017–18 के संशोधित बजट अनुमान (R.E.) की एवं उपभोग की गई बजट धनराशि की सूचना ग्रहण की गई एवं वर्ष 2018–19 हेतु भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय द्वारा इलाहाबाद संग्रहालय हेतु आबंटित धनराशि रू. 996.40 लाख की सूचना ग्रहण की गई।

**प्रस्ताव सं.6.** इलाहाबाद संग्रहालय एवं संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के मध्य किए गए एम.ओ.यू.–2018–19 (Memorandum of Understanding for the year 2018-19) की सूचना ग्रहण कर अनुमोदन विषयक प्रस्ताव।

इलाहाबाद संग्रहालय एवं संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के मध्य किए गए एम.ओ.यू.–2018–19 (Memorandum of Understanding for the year 2018-19) की सूचना ग्रहण कर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**प्रस्ताव सं.7.** संग्रहालय के आधुनिकीकरण के समस्त कार्यों का Vision Document एवं Detailed Project Report (DPR) तैयार कराने हेतु रू0 10 लाख धनराशि की 'वित्त समिति' के अनुमोदनोपरान्त सूचना ग्रहण कर अनुमोदन हेतु प्रस्ताव।

संग्रहालय के आधुनिकीकरण के समस्त कार्यों का Vision Document एवं Detailed Project Report (DPR) तैयार कराने हेतु रू0 10 लाख धनराशि की 'वित्त समिति' के अनुमोदनोपरान्त सूचना ग्रहण कर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**प्रस्ताव सं.8.** वर्ष 2019 में आयोजित होने वाले कुम्भ मेले के अवसर पर संग्रहालय द्वारा रू. 10 करोड़ बजट विषयक प्रस्ताव के 'वित्त समिति' द्वारा नोट करने के उपरान्त कार्यकारिणी के समक्ष सूचनार्थ/अनुमोदन हेतु प्रस्ताव।

वर्ष–2019 में आयोजित होने वाले कुम्भ मेले के अवसर पर संग्रहालय द्वारा रू. 10 करोड़ बजट विषयक प्रस्ताव के 'वित्त समिति' द्वारा नोट करने के उपरान्त कार्यकारिणी द्वारा प्रस्ताव का अनुमोदन इस सुझाव के साथ पारित किया गया कि 'कुम्भ–बजट–2019' का क्रियान्वयन वास्तविक–समय–अवधि (Realistic Time Period) की सम्पूर्ण योजना (Strategy) के साथ किया जाय।

उपरोक्त अतिरिक्त कमेटी द्वारा यह अपेक्षा की गई कि उ.प्र. राज्य सरकार द्वारा कुम्भ–मेला पर हो रही तैयारियों में इलाहाबाद संग्रहालय का क्या योगदान हो सकता है, इस प्रकरण में उ.प्र. राज्य सरकार से साझा वार्ता की जाय जिससे कुम्भ के समन्वयक कार्यों के बीच सूचनाओं का आदान प्रदान हो सके।

**प्रस्ताव सं.9.** दिनांक 23 फरवरी 2018 को आहूत 'विभागीय प्रोन्नति समिति' (DPC) के' संस्तुति के आधार पर 'क्यूरेटर' ग्रुप–ए पद पर नियुक्ति हेतु 'कार्यकारिणी समिति' (Appointing Authority) के समक्ष प्रस्ताव।

दिनांक 23 फरवरी 2018 को आहूत 'विभागीय प्रोन्नति समिति' (DPC) के' संस्तुति के आधार पर 'क्यूरेटर' ग्रुप–ए पद पर नियुक्ति हेतु 'कार्यकारिणी समिति' (Appointing Authority) द्वारा प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया एवं अग्रेतर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

**प्रस्ताव सं.10.** इलाहाबाद संग्रहालय के तकनीकी कर्मचारियों/अधिकारियों के पदनामों को भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय द्वारा संशोधित एवं कार्यकारिणी द्वारा दिनांक 30 सितम्बर 2015 के अनुमोदनोपरान्त अन्य राष्ट्रीय संग्रहालयों के समान वेतनमान हेतु प्रस्ताव।

इलाहाबाद संग्रहालय के तकनीकी कर्मचारियों/अधिकारियों के पदनामों को भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय द्वारा संशोधित एवं कार्यकारिणी द्वारा दिनांक 30 सितम्बर 2015 के अनुमोदनोपरान्त अन्य राष्ट्रीय संग्रहालयों के समान वेतनमान हेतु प्रस्ताव को कार्यकारिणी द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। तदुपरान्त प्रस्ताव भारत सरकार को प्रेषित किए जाने की अनुशंसा की गई।

**प्रस्ताव सं.11.** इलाहाबाद संग्रहालय के 'सहायक रसायनज्ञ' ग्रुप–बी पद को अन्य संग्रहालय के समान वेतनमान/ग्रेड–पे दिए जाने हेतु प्रस्ताव।

इलाहाबाद संग्रहालय के 'सहायक रसायनज्ञ' ग्रुप–बी पद को अन्य संग्रहालय के समान ग्रेड–पे रू0 5400/– विषयक प्रस्ताव में समिति द्वारा यह अपेक्षा की गई कि उक्त ग्रेड पे प्रदान करने पर भारत सरकार द्वारा कितना अतिरिक्त वित्तीय–भार वहन करना पड़ेगा आदि पर विचारोपरान्त भारत सरकार को प्रेषित किया जाय।

**प्रस्ताव सं.12.** 'वरिष्ठ छायाकार' ग्रुप–बी पद को प्रोन्नति से भरने हेतु एक विशेषज्ञ नामित किए जाने हेतु प्रस्ताव।

'वरिष्ठ छायाकार', ग्रुप–बी पद को प्रोन्नति से भरने हेतु श्री रविन्दर कुमार, मुख्य छायाकार, महानिदेशक कार्यालय, भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण, 24 तिलक मार्ग, नई दिल्ली–110001 का नाम विशेषज्ञ के रूप में कार्यकारिणी द्वारा नामित किया गया।

**प्रस्ताव सं.13.** इलाहाबाद संग्रहालय के वर्तमान भूखण्ड के फ्री–होल्ड विषयक प्रस्ताव के साथ संग्रहालय के सामने सड़क तक एवं पीछे के कुछ भूखण्ड को राज्य सरकार द्वारा संग्रहालय को आबंटित किए जाने हेतु प्रस्ताव।

1. कार्यकारिणी समिति द्वारा यह अपेक्षा की गई कि संग्रहालय के मुख्य–द्वार को सील करने सम्बन्धी समस्त प्रकरण एवं मुख्य–द्वार से संबंधित समस्त आदेश मयपत्रावली, विधिक परामर्श हेतु माननीय श्री राज्यपाल सचिवालय को प्रेषित किए जाएं, जिससे उक्त प्रकरण में विधिक–समाधान पर विचार यथाशीघ्र हो सके।
2. समिति ने सर्वसम्मति से संग्रहालय के वर्तमान भूखण्ड के फ्री–होल्ड विषयक प्रस्ताव के साथ संग्रहालय के सामने सड़क तक एवं पीछे के कुछ भूखण्ड को राज्य सरकार द्वारा संग्रहालय को आबंटित किए जाने हेतु प्रस्ताव को पारित करते हुए अग्रेत्तर कार्यवाही की अनुसंशा की।

**प्रस्ताव सं.14.** अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कोई अन्य प्रकरण।

रि–एलोकेसन ऑफ फंड फार द इयर–2017–18।

रि–एलोकेसन ऑफ फंड फार द इयर–2017–18 विषयक प्रकरण में कार्यकारिणी द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

सुनील गुप्त

( सुनील गुप्त )
निदेशक प्रभारी
सदस्य–सचिव

30.5.18
( राम नाईक )
माननीय श्री राज्यपाल, उ.प्र.
अध्यक्ष